

"छात्रों को ज्ञान का उपयोग करके सकारात्मक बदलाव बनाने के लिए सशक्त बनाया जा सकता है। एक रचनात्मक विचारक जो कि विचारों को चुनौती दे सकता है और सहयोग के माध्यम से वैश्विक मुद्दों की उनकी समझ को प्रगाढ़ बना सकता है, उन परिवर्तनों की अगुवाई करेंगे जिन्हें हम विश्व में देखना चाहते हैं।
***Whāia te iti kahurangi ki te tūohu koe me he maunga teitei.***
सबसे ऊंचे बादल के लिए उद्देश्य रखो ताकि यदि आप चूक भी जाओ तो भी आप एक ऊँचे पहाड़ पर होगे"



**शारी इनेसन**
शिक्षक, साउथलैंड गर्ल्स हाई स्कूल, न्यूज़ीलैंड

# आधा रास्ता तय करने का कोई अर्थ नहीं है - एमडीजी से वैश्विक लक्ष्यों की ओर

## विषय

सामाजिक अध्ययन, नागरिकता, भूगोल

## अध्ययन के परिणाम

- वैश्विक लक्ष्यों के बारे में बुनियादी जानकार पता करना।
- वैश्विक लक्ष्यों के प्रभाव के बारे में सोचना।
- सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों के साथ वैश्विक लक्ष्यों को जोड़ना।
- एमडीजी की तुलना में वैश्विक लक्ष्य अधिक टिकाऊ क्यों लगते हैं, इस बात पर विचार करना।

## तैयारी

- इस पाठ के लिए छात्रों को सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों का कुछ ज्ञान होना आवश्यक है।
- इस पाठ के लिए छात्रों को **पहले** www.globalgoals.org/worldslargestlesson पर वैश्विक लक्ष्यों की एनिमेशन फिल्म का परिचय देखने की आवश्यकता होगी।
- यदि उन्होने नहीं देखी है, तो पाठ योजना को चरण 2 में इसे समायोजित करने के लिए अनुकूलित किया जाना चाहिए।
- पाठ गतिविधियों के लिए परिशिष्ट का प्रिंट आउट लें।

कुल समय:

**60**
मिनट

आयु सीमा:

**11-14**
वर्ष

“दुनिया का सबसे बड़ा पाठ,” “वहनीय विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्वव्यापी लक्ष्य” की घोषणा का समर्थन करने के लिए, एक सहयोगपूर्ण शिक्षा परियोजना है। यह परियोजना विश्वव्यापी लक्ष्य 17 "लक्ष्यों के लिए भागीदारियाँ" के महत्व का जीता-जागता सबूत है और यह हमारे साथ और आपस में काम कर रहे हमारे सभी भागीदारों की मदद के बिना संभव नहीं होता।


हमारी “संस्थापक टीम” का धन्यवाद:

द्वारा संचालित:

द्वारा वितरित:

द्वारा अनुवाद किया गया:

और दुनिया भर के उन लोगों का विशेष धन्यवाद जिन्होंने हमारे साथ काम किया:

पाठ योजनाएँ Think Global के साथ मिलकर बनायी गयीं [www.think-global.org.uk.](http://www.think-global.org.uk) एक न्यायपूर्ण और वहनीय दुनिया के लिए शिक्षा को प्रोत्साहन देना


THE GLOBAL GOALS
टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

WORLD'S LARGEST LESSON

## अध्ययन गतिविधि

5 मिनट

पैनई एफसी के बारे में यह लघु फिल्म (5:15 लंबी) यहाँ देखें

- https://vimeo.com/21871455
- https://www.youtube.com/watch?v=jU4oA3kkAWU

यह पैनई फुटबॉल क्लब के गठन के बारे में एक लघु फिल्म है। को पैनई एक छोटा सा थाई द्वीप है, यह फिल्म दर्शाती है कि बाधाओं के बावजूद, द्वीप ने सबसे सफल फुटबॉल टीमों में से एक का गठन किया।

छात्रों से एक साथी के साथ निम्नलिखित पर चर्चा करने के लिए कहें:

- फिल्म किस बारे में थी?
- फिल्म में लोगों की उपलब्धियाँ क्या थीं?
- वे कौनसे कारक थे जिन्होने लड़कों को अपने सपने को हासिल करने के लिए बढ़ावा दिया?
- फिल्म का मुख्य संदेश क्या है?

## विभिन्नताऐं और विकल्प

**यदि आप इंटरनेट या मोबाइल फोन से फिल्म का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, तो परिशिष्ट 1 से कहानी** ले लें

## अध्ययन गतिविधि

10 मिनट

परिशिष्ट 2 का उपयोग करते हुए, सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों (एमडीजी) में से आठ के डायमंड क्रम में रखें। इसका मतलब है कि एमडीजी की अधिक महत्वपूर्ण से कम महत्वपूर्ण की ओर डायमंड के आकार में छँटनी करते हैं– जिसमें डायमंड की चोटी पर एक लक्ष्य (सबसे महत्वपूर्ण) होता है और एक लक्ष्य इसके सबसे नीचे (सबसे कम महत्वपूर्ण) होता है, लेकिन बीच में कई होते हैं, जो मूल रूप से एक डायमंड के आकार में होते हैं। .

वर्गीकरण के लिए विकल्प:

- स्थानीय स्तर पर
- राष्ट्रीय स्तर पर
- वैश्विक स्तर पर
  - महत्व की दृष्टि से
  - प्राप्त परिणामों की दृष्टि से
  - भविष्य के कार्यों की दृष्टि से

इसमें कोई सही या गलत जवाब नहीं हैं। बल्कि, उद्देश्य है कि छात्र इनके बारे में सोचें और अपने विचारों पर चर्चा करें।

**बताऐं कि संवहनीय विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य, सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों** के बाद उठाए जाने वाले अगले कदम हैं।

## विभिन्नताऐं और विकल्प

विकल्प के रूप में, आप छात्रों से आठ एमजीडी को सबसे अधिक से लेकर सबसे कम महत्वपूर्ण के क्रम में रखने के लिए कहें; या उन्हें शीर्ष तीन को चुनने के लिए कहें; या उनसे पूछें कि वे किन दो को छोड़ना चाहेगे और क्यों।

बड़े और अधिक सक्षम छात्र सभी विभिन्न विकल्पों का उपयोग करके एमडीजी को कई बार रैंक कर सकते हैं, और फिर चर्चा करें कि **उन्होंने** अलग तरह से एमडीजी को क्यों रखा और उन्हें ऐसा क्यों लगता है।।

## अध्ययन गतिविधि

10 मिन

छात्रों से वैश्विक लक्ष्यों के बारे में अपने मन में आ रहे प्रारंभिक विचारों के साथ एक 'आधारभूत' नक्शा या स्पाइडर आरेख बनाने के लिए कहें।

छात्रों को इस पर वह लिखने के लिए कहें जो वे पहले से ही वैश्विक लक्ष्यों के बारे में जानते हैं या फिर वे समस्याऐं जिनका समाधान इन लक्ष्यों से करने की उम्मीद की जाती है, उन्हें लिखने के लिए कहें।

छात्रों से पूछें - आपको वैश्विक लक्ष्यों सुनकर क्या रंग, प्रतीक और छवि मन में आती है? या विशिष्ट लक्ष्यों (या संबंधित समस्याओं) से किसी के लिए कहें। उन्हें दिमाग के नक्शे में अपने विचार जोड़ने चाहिए।

## विभिन्नताऐं और विकल्प

विकल्प के रूप में, आप छात्रों से KWL (जानते हैं, जानना चाहते हैं और जान चुके हैं) सारणी बनाने के लिए कह सकते हैं। उन्हें तीन कॉलम बनाने हैं और फिर पहले कॉलम में वह सब लिखना है जो वे वैश्विक लक्ष्यों के बारे में पहले से ही जानते हैं, और दूसरे में वह सब जो वे जानना चाहते हैं। वे पूरे पाठ के दौरान दूसरे कॉलम में चीज़ें जोड़ सकते हैं।

पाठ के अंत में, छात्रों से उन्होंने जो कुछ भी वैश्विक लक्ष्यों के बारे में सीखा है उसके साथ अंतिम कॉलम को पूरा करने के लिए कहें।

'जानना चाहता हूँ' में से कुछ भी उत्कृष्ट एक शोध कार्य या एक आगामी पाठ का आधार बन सकता है।

## अध्ययन गतिविधि

20 मिनट

तीव्र साक्षात्कार। छात्रों को 6 समूहों में विभाजित किया जाता है। प्रत्येक बच्चे को परिशिष्ट 3 की एक प्रति दें और प्रति छात्र एक विषय आवंटित करें। उनके पास शीट को पढ़ने के लिए तीन मिनट हैं, सुनिश्चित करें कि वे भाषा को समझते हैं और सवाल पूछ सकते हैं। छात्र फिर अपने समूह के भीतर जोड़े बनाते हैं और उनके पास बारी बारी से **अपने साथी को अपने** विषय की व्याख्या करने के लिए एक मिनट होता है। छात्र फिर घूमते हैं और अपने समूह में दूसरे साथी से एक अलग विषय के बारे में सुनते हैं। छात्रों को प्रत्येक साथी को सुनते समय किसी भी प्रकार के प्रमुख शब्दों और विचारों को नोट करना चाहिए।
स्पीड डेटिंग के अंत में, छात्र प्रत्येक विषय के बारे में सुन चुके होने चाहिए और वे अपने दिमागी नक्शे में मुख्य शब्दों और नोट्स को जोड़ सकते हैं। यदि संभव हो, छात्रों को इन नोटों को अपने प्रारंभिक विचारों और प्रतिक्रियाओं से अलग रंग में जोड़ना चाहिए।.

## विभिन्नताऐं और विकल्प

छात्र 'जो विश्व हम चाहते हैं” का उपयोग भी कर सकते हैं, जो कि बच्चों और युवाओं के लिए वैश्विक लक्ष्यों का एक विवरण है।
www.globalgoals.org/worldslargestlesson.

## अध्ययन गतिविधि

5 मिनट

प्रत्येक वैश्विक लक्ष्य विषय के लिए, छात्रों से संभावित भावी प्रभावों के बारे में सोचने के लिए कहें और उनके विचारों को दिमागी नक्शे पर जोड़ें। यदि लक्ष्यों का पालन किया जाए तो पांच वर्षों में इसके प्रभावों पर ज़ोर दें।

## विभिन्नताऐं और विकल्प

बड़े या अधिक सक्षम छात्रों से, आप एक, पांच, दस और 15 सालों में प्रभावों के बारे में सोचने के लिए कह सकते हैं - यह अलग-अलग कैसे होंगे?

आप उन्हें यह पूछ कर कार्य का विस्तार कर सकते हैं कि, वे इस बारे में सोचें कि वैश्विक लक्ष्यों के सकारात्मक परिणाम की संभावना को कौन बाधित कर सकता है?

## अध्ययन गतिविधि

**10** मिनट

पाठ को समाप्त करने के लिए, छात्रों को परिशिष्ट 4 या 5 में 17 वैश्विक लक्ष्य दिखाऐं। छात्रों से शुरूआत में सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों के लिए इस्तेमाल किए गए तरीके का उपयोग करके वैश्विक लक्ष्यों की डायमंड सारणी पूरी करने के लिए कहें। क्या छात्रों की रैंकिंग समान थी?

छात्रों से निम्न में से सभी या कुछ पर चर्चा करने के लिए कहें।

- वे वैश्विक लक्ष्यों की एमडीजी के साथ तुलना के बारे में क्या सोचते हैं?
- संवहनीय विकास क्या है और कैसे वैश्विक लक्ष्य एमडीजी की तुलना में अधिक स्थाई हैं?
- वैश्विक लक्ष्य एमडीजी की तुलना में अधिक सफल कैसे हो सकते हैं इस पर सुझाव दें
- छात्रों से पाठ के शुरू में देखी गई कहानी और वैश्विक लक्ष्यों के बारे में सोचने के लिए कहें। दोनो में क्या संबंध है?
- वैश्विक लक्ष्यों का एमडीजी की तुलना में अधिक भागीदारीपूर्ण होना महत्वपूर्ण क्यों है?"
- छात्र वैश्विक लक्ष्यों पर फेसबुक पर वैश्विक लक्ष्यों पर उनके मस्तिष्क नक्शे को साझा कर सकते हैं।

### वैश्विक लक्ष्यों के लिए कार्य करना

एक शिक्षक के रूप में आपके पास छात्रों की 'सकारात्मक ऊर्जा को चैनल करने की शक्ति है और उन्हें यह भरोसा दिलाने की कि वे असहाय नहीं हैं, और बदलाव संभव है और वे ऐसा कर सकते हैं।

परिवर्तन के लिए डिजाइन "मैं कर सकता हूँ" स्कूल चुनौती बच्चों को कार्रवाई करने के लिए, खुद के लिए परिवर्तन करने और इसे दुनिया भर के बच्चों के साथ साझा करने के लिए आमंत्रित करता है।

शुरूआत करने के लिए www.dfcworld.com पर जाऐं।

युवाओं द्वारा स्वयं कार्रवाई करने के लिए डिज़ाइन फॉर चेन्ज पाठ या एक सामान्य सलाह पैक डाउनलोड करने के लिए **www.globalgoals.org/ worldslargestlesson** पर जाऐं

## पैनई फुटबॉल क्लब

पैनई दक्षिणी थाईलैंड में लट्ठों पर खड़ा एक छोटा सा तैरता हुआ गांव है। 1986 में, वहां रहने वाले युवा लड़कों के एक समूह ने वहां के रिवाज़ को चुनौती दी और अपने कार्यों से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। पैनई में अभी तक जो खेल खेलना संभव हो पाया था वह खेल केवल नाव की दौड़ और मछली पकड़ना थे क्योंकि गांव पूरी तरह से पानी से घिरा हुआ है।



हालांकि, लड़कों को फुटबॉल देखना बहुत पसंद था। एक दिन एक लड़के ने अपनी खुद की एक फुटबॉल टीम शुरू करने का सुझाव दिया। लड़कों ने ऐसा करने का और चैंपियंस बनना सीखने का फैसला किया। अन्य ग्रामीणों को यह एक हास्यास्पद विचार लगा, और वे बच्चों के इस समूह पर हंसते थे। ऐसा पहले पैनई में कभी नहीं हुआ था और पानी में बांसों पर खड़े एक गांव में एक फुटबॉल टीम शुरू करना असंभव लग रहा था। लड़कों को एहसास हुआ कि अन्य ग्रामीण ठीक कह रहे थे। गांव में फुटबॉल अभ्यास करने के लिए कहीं जगह नहीं थी, और इस समस्या के समाधान के लिए कोई मैदान नहीं था। उनके पास एक टीम थी, लेकिन कोई मैदान नहीं था। इसलिए वे खेलने के लिए अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध थे।

लड़कों ने गांव में चारों ओर से पुरानी लकड़ी इकट्ठा करना शुरू किया और पानी में लकड़ी के राफ्ट बंधे। वे अपने नए खेल की सतह पर स्कूल के बाद देर तक काम करते थे। अंत में, उन्होने इसे पूरा कर लिया और उनके पास खेलने के लिए अपनी स्वयं की लकड़ी का मैदान था, हालांकि यह असमान और असुरक्षित था। सतह के फर्श से कीलें बाहर निकली हुई थीं। गेंद अक्सर पानी में गिर जाती थी, और लड़के भी। उन्होने एक गीली, फिसलन वाली सतह पर खेलना सीख लिया और उनका फुटवर्क मैदान के छोटे आकार के कारण अच्छी तरह से विकसित हुआ। स्थानीय लोगों का अभी भी कहना था कि वे अपने अस्थिर खेलने की सतह पर अभ्यास करके चैंपियन बनने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।

एक सुबह, उनमें से एक लड़के ने मुख्य भूमि पर एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का एक पोस्टर देखा। टीम में अनिश्चितता थी कि प्रवेश करने के लिए योग्य थे या नहीं, लेकिन उन्होने टूर्नामेंट में शामिल होने का फैसला किया। लड़कों को पता ही नहीं था कि गांव के बाकी लोगों नें वास्तव में उन्हें अभ्यास करते हुए देखा था लेकिन उन सभी ने एक आश्चर्य के रूप में टूर्नामेंट में उनके पहनने के लिए एक फुटबॉल किट खरीदने के लिए योगदान दिया। ग्रामीणों में से कुछ लड़के उनका हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ भी गए।

जब उन्होने खेलना शुरू किया, तो टीम को एहसास हुआ कि जितना उन्होने सोचा था वे उसकी तुलना में बेहतर थे। बड़े गोल पैनई में उनके छोटे गोलों की तुलना में आसान लक्ष्य थे, और उन्होने सेमीफाइनल में जगह बनाई। हालांकि, मैच बहुत खराब तरीके से शुरू हुआ क्योंकि वहां भारी बारिश हो रही थी और दूसरी टीम बहुत प्रतिभाशाली थी। पैनई के लड़कों के जूतों में पानी भर गया और वे भारी हो गए। आधे समय तक दूसरी टीम दो गोल से जीत रही थी। उनकी टीम निराश थी, और समझ नहीं पा रही थी कि क्या करना चाहिए।

उन्होने दूसरे अर्ध काल में अपने गीले जूते हटाने का फैसला किया। उनके लिए नंगे पैर खेलना अधिक स्वाभाविक था, जैसा वे घर में करते थे और उनमें बहुत तेजी आ गई। उन्होने जल्दी से स्कोर बराबर कर लिया। हालांकि अन्य टीम एक आखिरी मिनट में गोल से विजेता बन गई, लेकिन पैनई गांव को उनकी टीम पर बेहद गर्व हुआ। फ़ुटबॉल जल्दी ही पैनई का नंबर एक मनोरंजन बन गया। उन्होने टीम के अभ्यास करने के लिए एक नई, चिकनी, पूर्ण आकार के मैदान का निर्माण किया। पैनई एफसी अब दक्षिणी थाईलैंड में सबसे अच्छे क्लबों में से एक माना जाता है जो 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009 और 2010 में युवा चैंपियंस खिताब जीत चुका है।

# सहस्राब्दि विकास लक्ष्य




एमडीजी 1: अत्यंत गरीबी और भुखमरी उन्मूलन

एमडीजी 2: सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा हासिल करना

एमडीजी 3: लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं को सशक्त बनाना

एमडीजी 4: बाल मृत्यु दर कम करना

एमडीजी 5: मातृ स्वास्थ्य में सुधार

एमडीजी 6: एचआईवी / एड्स, मलेरिया और अन्य बीमारियों से लड़ना

एमडीजी 7: पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना

एमडीजी 8: लक्ष्यों के लिए वैश्विक भागीदारी

**लक्ष्यों को काट लें और सबसे अधिक महत्वपूर्ण से सबसे कम महत्वपूर्ण में छांटें**

# सतत विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

## विषय 1: गरीबी
## (वैश्विक लक्ष्य 1 – गरीबी उन्मूलन; वैश्विक लक्ष्य - 10 असमानता में कमी)

### वैश्विक लक्ष्य 1 और 10 के उद्देश्य

- हर जगह सभी लोगों के लिए अत्यंत गरीबी का उन्मूलन, जो कि मापा गया है कि लोग 1.25 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन से भी कम में रहते हैं।
- सुनिश्चित करें कि पुरुषों और महिलाओं सभी को बराबर आर्थिक संसाधनों, साथ ही संपत्ति और विरासत के अन्य रूपों पर स्वामित्व का अधिकार हो।
- निर्धन और कमजोर स्थितियों के लोगों में ताकत का विकास, और उनका कठोर मौसम संबंधी घटनाओं में जोखिम कम करना।
- आयु, लिंग, विकलांगता, जाति, नस्ल, मूल या धर्म के बिना सभी के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से शामिल किए जाने को बढ़ावा देना और सशक्त बनाना।
- योजनाबद्ध और अच्छी तरह से प्रबंधित पलायन नीतियों के कार्यान्वयन के द्वारा लोगों को व्यवस्थित, सुरक्षित, नियमित और जिम्मेदारी से पलायन और गतिशीलता की सुविधा देना।

### क्यों?

- दुनिया के 85 सबसे अमीर लोगों के पास इतना धन है जितना दुनिया के आधे सबसे गरीब लोगों(3.5 अरब लोग) के पास है। (ऑक्सफेम ब्रिटेन, 2014)

## विषय 2: व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण
## (वैश्विक लक्ष्य 2 - भुखमरी नहीं, वैश्विक लक्ष्य 3 - अच्छा स्वास्थ्य, वैश्विक लक्ष्य 6 - ताजा पानी और साफ-सफाई)

### वैश्विक लक्ष्य 2, 3 और 6 के उद्देश्य

- भुखमरी समाप्त करना और वर्ष भर, सुरक्षित, पौष्टिक और पर्याप्त भोजन तक शिशुओं सहित सभी लोगों, विशेष रूप से गरीब और कमज़ोर लोगों की पहुँच सुनिश्चित करना।
- स्थायी खाद्य उत्पादन प्रणाली सुनिश्चित करना और लचीली कृषि पद्धतियों को लागू करना जिनसे उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि हो, जो पारिस्थितिकी प्रणालियों को बनाए रखने में मदद करें, और जिनसे जमीन और मिट्टी की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार हो सके।
- वैश्विक मातृ मृत्यु अनुपात को 70 प्रति 100,000 प्रसवों से कम करना।
- नवजात शिशुओं एवं पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की रोके जा सकने वाली मौतों को समाप्त करना।
- सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौतों और चोटों को आधा करना।
- सभी के लिए सुरक्षित और सस्ता पीने के पानी के लिए सार्वभौमिक और न्यायसंगत पहुँच स्थापित करना।
- महिलाओं और लड़कियों की जरूरतों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी के लिए पर्याप्त और न्यायसंगत स्वच्छता और सफाई के लिए पहुँच स्थापित करना।

### क्यों?

- जैसा कि अविकसित बचपन और अन्य भुखमरी संकेतकों द्वारा उच्च व्याप्ति में परिलक्षित किया गया है, कि करीब 870,000,000 लोग लगातार भुखमरी से पीड़ित हैं। इसके अलावा, गंभीर सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी सैंकड़ों लाखों से भी अधिक लोगों को प्रभावित करती है। यह अनुमान लगाया गया है कि हर साल 5 साल की उम्र से कम के करीब 3 लाख बच्चे कुपोषण के कारण मर जाते हैं। (http://unsdsn.org/resources/goals-and-targets/).

## विषय 3: शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर (वैश्विक लक्ष्य 4 - उत्कृष्ट शिक्षा, वैश्विक लक्ष्य 8 - अच्छी नौकरी और आर्थिक विकास)

### वैश्विक लक्ष्य 4 और 8 के उद्देश्य

- यह सुनिश्चित करना कि सभी लड़कियों और लड़कों को मुफ्त, साम्यिक और उत्कृष्ट प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा प्राप्त हो, जो प्रासंगिक शिक्षा परिणामों के लिए महत्वपूर्ण हो।
- विश्वविद्यालय सहित सस्ती गुणवत्ता वाली, तकनीकी, व्यावसायिक और तृतीयक शिक्षा के लिए सभी महिलाओं और पुरुषों के लिए बराबर पहुँच सुनिश्चित करना।
- शिक्षा में लिंग असमानता को समाप्त करना और कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के सभी स्तरों में बराबर पहुँच सुनिश्चित करना, जिसमें विकलांग, स्वदेशी लोग, और अतिसंवेदनशील स्थितियों में रहने वाले बच्चे शामिल हैं।
- विविधीकरण, तकनीकी उन्नयन और नवाचार के माध्यम से आर्थिक उत्पादकता के उच्च स्तर को प्राप्त करना।
- विकलांग व्यक्तियों और युवा लोगों सहित, सभी महिलाओं और पुरुषों के लिए पूर्ण और उत्पादक रोजगार और अच्छे काम प्राप्त करना।

### क्यों?

- 57 लाख बच्चे स्कूल से बाहर हैं, इनमें से 31 लाख लड़कियां हैं, इन 57 लाख में से, 49% ने शायद किसी कक्षा में कभी कदम भी नहीं रखा होगा, इन 57 लाख में से 50% से अधिक उप-सहारा अफ्रीका में रहते हैं। (http://en.unesco.org/post2015/sites/post2015/files/Making_Education_a_Priority_in_the_Post-2015_Development_Agenda.pdf).

## विषय 4: एक न्यायसंगत दुनिया
## (वैश्विक लक्ष्य 5 - लिंग समानता, वैश्विक लक्ष्य 16 - न्याय और शांति)

### वैश्विक लक्ष्यों 5 और 16 के उद्देश्य

- हर जगह सभी महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव के सभी रूपों को समाप्त करना।
- तस्करी और यौन शोषण के अन्य प्रकारों सहित सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में सभी महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करना।
- राजनीतिक, आर्थिक और सार्वजनिक जीवन में सभी स्तरों पर निर्णय लेने के लिए महिलाओं की पूर्ण और प्रभावी भागीदारी और समान अवसर सुनिश्चित करना।
- हर जगह हर प्रकार की हिंसा और इससे होने वाली मौतों को काफी सीमा तक कम करना।
- बच्चों के खिलाफ सभी प्रकार के दुर्व्यवहार, शोषण, तस्करी और हिंसा और अत्याचार को समाप्त करना।

### क्यों?

- उप-सहारा अफ्रीका, पश्चिमी एशिया और दक्षिणी एशिया में, लड़कों की संख्या अभी भी द्वितीयक और तृतीयक शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की संख्या से काफी अधिक है।
- वैश्विक स्तर पर महिलाऐं अभी भी संसद में एक चौथाई से भी कम सीटों पर हैं। (http://www.theguardian.com/global-development/2015/mar/26/millennium-development-goal-three-gender-equality-explainer).

## विषय 5: स्थिरता (वैश्विक लक्ष्य 7 - भविष्य के लिए ऊर्जा, वैश्विक लक्ष्य 9 - मजबूत बुनियादी ढांचे; वैश्विक लक्ष्य 11 - सुरक्षित वातावरण; वैश्विक लक्ष्य 12 - संवहनीय जीवन; वैश्विक लक्ष्य 17 - भविष्य के लिए भागीदारी)

### वैश्विक लक्ष्यों 7, 9, 11, 12 और 17 के लक्ष्य

- सस्ती, विश्वसनीय और आधुनिक ऊर्जा सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करना।
- आर्थिक विकास और मानव भलाई का समर्थन करने के लिए, सभी के लिए किफायती और साम्यिक पहुँच पर ध्यान देने के साथ साथ बढ़िया, विश्वसनीय, टिकाऊ और लचीले बुनियादी ढांचे का विकास करना।
- पर्याप्त सुरक्षित और किफायती आवास और बुनियादी सेवाओं तक सभी के लिए पहुँच सुनिश्चित करना, और मलिन बस्तियों का उन्नयन।
- प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी प्रबंधन और कुशल उपयोग करना।
- खुदरा और उपभोक्ता के स्तर पर प्रति व्यक्ति वैश्विक खाद्य अपव्यय को आधा करना, और उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के साथ भोजन हानि को कम करना।
- गरीबी उन्मूलन और संवहनीय विकास के लिए नीतियों को स्थापित करने एवं लागू करने के लिए प्रत्येक देश की नीतियों और नेतृत्व का सम्मान करना।

### क्यों?

- अनुमान है कि 2015 में अभी भी लगभग 2.8 अरब लोगों की आधुनिक ऊर्जा सेवाओं तक पहुँच नहीं है और 1.1 अरब से अधिक लोगों के पास बिजली नहीं है। इसके अलावा, अस्थाई ईंधन से खाना पकाने और हीटिंग करने से उत्पन्न घर के अंदर प्रदूषण के कारण करीब 4.3 लाख लोग हर साल समय से पहले ही मर रहे हैं। (https://sustainabledevelopment.un.org/topics/energy).

## विषय 6: पर्यावरण (वैश्विक लक्ष्य 13 - ग्रह की रक्षा करना; वैश्विक लक्ष्य 14 - पानी के नीचे जीवन; वैश्विक लक्ष्य 15 - पानी के ऊपर जीवन)

### वैश्विक लक्ष्यों 13, 14 और 15 के लक्ष्य

- सभी देशों में जलवायु संबंधी खतरों और प्राकृतिक आपदाओं के लिए लचीलापन और अनुकूलन क्षमता को मजबूत बनाना।
- सभी प्रकार के समुद्री प्रदूषण, विशेष रूप से भूमि आधारित गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण को रोकना और काफी कम करना।
- अत्यधिक मछली पकड़ने, अवैध और अनियमित मछली पकड़ने और मछली पकड़ने की विनाशकारी प्रथाओं को प्रभावी ढंग से विनियमित करना और उन्हें समाप्त करना।
- सभी प्रकार के जंगलों के संवहनीय प्रबंधन के कार्य को बढ़ावा देना, वनों की कटाई रोकना और विकृत जंगलों को बहाल करना।
- प्राकृतिक स्थानों में आई गिरावट को कम करने और जैव विविधता के नुकसान को रोकने के लिए जरूर और महत्वपूर्ण कार्रवाई करना।

### क्यों?

- अधिक मछली पकड़ने, प्रदूषण, तापमान बढ़ना, समुद्र स्तर के बढ़ने, और अम्लीकरण जो कि वातावरण में मानव प्रेरित $CO_2$ की मात्रा बढ़ने के द्वारा संचालित है, के परिणामस्वरूप करीब 60% समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अरक्षणीय उपयोग किया जा रहा है या विकृत किया जा रहा है। (http://unsdsn.org/resources/goals-and-targets/).

# THE GLOBAL GOALS

टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य



# THE GLOBAL GOALS

## टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

